# सिम्फनी लिमिटेड ने BLDC टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लॉन्च की



अहमदाबाद, एवोपरेटिव एयर कूलरों में वैश्विक अग्रणी कंपनी सिम्फनी लिमिटेड ने BLDC टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लॉन्च की। अत्यधिक ऊर्जा कुशल ऐसी BLDC एयर कूलर रेंज, अन्य कूलरों की तुलना में 60व तक कम बिजली की खपत करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष रु. 2,000 तक की ऊर्जा की बचत होती है। कंपनी ने BLDC रेंज में 80 लीटर, 55 लीटर और 30 लीटर क्षमता के 3 मॉडल लॉन्च किए हैं। अत्यधिक ऊर्जा कुशल होने के अलावा, इसमें अतिरिक्त सुविधाओं जैसे 7-गति विकल्प, 8 घंटे तक की नाइट स्लीप मोड, टचस्क्रीन कंट्रोल पैनल आदि भी हैं। सिम्फनी कूलर्स को इस तरह से बनाए गए है जो प्रति वर्ष 18 पेड़ लगाने* के बराबर कार्बन फुटप्रिंट को कम करते है और एयर कंडीशनर की तुलना में केवल 10% ऊर्जा की खपत करते है। इस विषय पर टिप्पणी करते हुए, सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री अचल बकेरी ने कहा, सिम्फनी में, हम कल के बारे में आज सोचते हैं। हमारा प्रयास हमेशा ग्रह और इसके निवासियों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करना रहा है, जो हमारे ब्रांड टैगलाइन - थिंकिंग ऑफ टुमॉरो के माध्यम से परिलक्षित होता है। हमें यकीन है कि इस नई एयर-कूलिंग रेंज के साथ, सिम्फनी एयर कूलिंग के भविष्य में क्रांति लाएगी और उपभोक्ताओं मे कूलिंग समाधान के वैश्विक ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करेगी।